**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मध्य प्रदेश में दी गई छात्रवृत्तियाँ**

247. **श्री अजीत जोगी:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1994-95, 1995-96 में और 1996-97 के दौरान अब तक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने मध्य प्रदेश में कितने शोध छात्रों को उनके शोध कार्य के लिए छात्रवृत्ति दी है;

(ख) उनमें से कितने शोध छात्र अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के हैं; और

(ग) वर्ष 1996-97 के लिए कितने शोध छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने की सिफारिश की गई है?

**मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री एस०आर० बोम्मई):** (क) से (ग) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भेजी गई सूचना के अनुसार मध्य प्रदेश से अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों सहित वर्ष 1994-95 में 95 और वर्ष 1995-96 में 110 विद्यार्थियों को कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्तियाँ प्रदान की गई। इसके अलावा, मध्य प्रदेश के 8 विद्यार्थियों को वर्ष 1994-95 में इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी में कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्तियाँ प्रदान की गई। इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी में वर्ष 1995-96 और वर्ष 1996-97 के लिए चयन को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है।

वर्ष 1996-97 के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-सी०एस०आई०आर० "नेट" परीक्षाओं का आयोजन जून, 1996 में किया गया और उसके परिणाम अभी अपेक्षित हैं।

वर्ष 1994-95 तक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने प्रत्येक वर्ष उन अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों में से जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-सी०एस०आई०आर०-"नेट" परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाए थे उन्हें 50 कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्तियाँ प्रदान की है। विशेष पुरस्कार की इस योजना को वर्ष 1995-96 से समाप्त कर दिया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने यह सूचित किया है कि विशेष पुरस्कार योजना में "स्लैट" के एवज में वर्ष 1994-95 के दौरान मध्य प्रदेश से अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों को कोई कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्तियाँ नहीं प्रदान की गई।

**Incentive Awards Bestowed by Kendriya Vidyalaya Sangathan**

*248. **SHRI RAGHAVJI:**
**SHRI SHIV CHARAN SINGH:**

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) what are the details of the guidelines to regulate the award of annual Incentive Awards bestowed by Kendriya Vidyalaya Sangathan upon different categories of its employees;

(b) what are the details of the recipients of these awards as on date alongwith the details of the contributions made by each of them; and

(c) whether any representation has been received by the KVS decrying the awards given to some recipients undeservedly?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI S.R. BOMMAI) (a) The broad criteria for awarding incentive awards to Kendriya Vidyalayas teachers/Principals include minimum 10 years of service, exemplary record of service, outstanding contribution in the field of education and good reputation in the Vidyalayas as well as in the community.

(b) 19 Kendriya Vidyalayas Sangathan Inventive Awards were given to teachers in 1993, 48 in 1994 and 41 in 1995. Details of the awards given in 1994 and 1995 are given in the souvernir entitled "Shikshak Diwas" brought out by Kendriya Vidyalaya Sangathan; copies of which are available in the Parliament Library.

(c) One representation was received which was found baseless.;

**Laying of double Rail Line**

249. SHRI RAJ NATH SINGH: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether any survey has been made to lay double rail line on Ghaziabad-

Gajraula and Moradabad single line section in the near future;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF RAILWAY (SHRI RAM VILAS PASWAN): (a) and (b) Based on the study made by Northern Railway, it has been decided to double the Ghaziabad-Moradabad line. In the first phase patch doubling of Ghaziabad-Hapur section (36.97 kms) has been sanction and work has been started.

(c) Does not arise.

**IIT's report on Software development**

*250. SHRI BRATIN SENGUPTA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government have received any report from IIT regarding software development work of the Freight Operations Information System with a budget of over Rs. 1079 crores;

(b) if so, what are the salient findings in the report; and

(c) the details of the action taken on the report?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI S.R. BOMMAI): (a) to (c) A Committee of Indian Institute of Technology (IIT), Delhi, has analysed the status of implementation of the Freight Operations Information System which is being implemented by the Project by Centre for Railway Information Systems (CRIS). The cost of implementing the project for the Indian Railways as a whole was estimated to be Rs. 1098 crore. The Committee has technically evaluated the outputs on offer as also the software development process, identified the causes of the problems and deficiencies in the software which is under trial at present, commented upon various technical and managerial aspects of the software and its development process, and made certain short-term and long-term recommendations so that a workable and useful system becomes available. The report is under consideration and necessary decisions would be taken shortly.

**प्रति व्यक्ति दूध की खपत**

*251. **श्री कनक सिंह मोहन सिंह मंगरोला:** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि सन् 2001 तक देश में प्रति व्यक्ति दूध की खपत का कितना लक्ष्य निर्धारित किया गया है?

**कृषि मंत्री (श्री चतुरानन मिश्र):** देश में वर्ष 2001 तक दूध की प्रति व्यक्ति खपत के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किए गए हैं।

**गुजरात में रेलवे परियोजनाओं को स्थगित किया जाना**

*252. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गुजरात की रेलवे की कई विकास परियोजनाएं संसाधनों की कमी के कारण स्थगित कर दी गई हैं;

(ख) क्या सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए कोई योजना बनाई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन परियोजनाओं को कब तक शुरू किया जाएगा?

**रेल मंत्री (श्री राम विलास पासवान):** (क) जी नहीं।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठते।

**Drought-Prone Areas in Gujarat and Bihar**

*253. SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE: Will the Minster of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) the names of the drought-prone areas in Gujarat and Bihar;